कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री शुभम शर्मा निवासी तिवाडी मौहल्ला, दौसा जिला दौसा राजस्थान– 303303

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी दौसा

अपील संख्या 22/2026

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

निर्णय दिनांक 19.03.2026

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी दौसा को पत्र कमांकः डीएम/कोर्ट/2026/511 दिनांक 20.02.2026 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी दौसा ने पत्र कमांकः आरटीआई/2026/07 दिनांक 25.2.2026 के द्वारा आयुक्त, नगर परिषद दौसा को वांछित सूचना अपीलांट को उपलब्ध कराने के निर्देश प्रदान किये जाकर प्रति अपीलांट को एवं इस कार्यालय को प्रेषित की गई है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर दौसा
जिला कलक्टर, दौसा

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2026.04.01 11:42:43 IST
Reason: SelfAttested